सेवन स्टार वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बणी

समय: 1घंटा 15 मिनट | मासिक परीक्षा | अधिकतम अंक:30

कक्षा- सातवीं | विषय- हिंदी

प्रश्न 1 निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए--(5)

बह चले रश्मि के प्राण, विहग के गान, मधुर निर्झर के स्वर

झर -झर ,झर -झर

प्राची का अरुणाभ क्षितिज ,

मानो अंबर की सरसी में

फूला कोई रक्तिम गुलाब ,रक्तिमसरसिज

काव्यांश आधारित प्रश्नोत्तर

1. रश्मि के प्राण और विहग के गान किसके साथ चले जा रहे हैं ?
2. "झर-झर, झर-झर" शब्द किस ध्वनि का आभास कराते हैं ?
3. प्राची के अरुणाभ क्षितिज का दृश्य कैसा प्रतीत हो रहा है ?
4. कवि ने अंबर की सरसी में किसके खिलने की कल्पना की है ?
5. इस काव्यांश में प्रकृति के किस दृश्य का चित्रण किया गया है ?

प्रश्न 2. निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-(5)

क) चार्ली ने अपनी बेटी को चेक बुक क्यों भेजी ?

ख) शाक्पो ने उर्गेन को मुगदर क्यों दिया ?

ग)'दिखा तमाशा' कहानी क्या संदेश देती है ?

घ) लेखक ने अपनी बेटी जैराल्डिन को जीवन के किन महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान देने के लिए कहा और क्यों ?

प्रश्न 3 निम्नलिखितशब्दों के अर्थ लिखिए - (1.5)

मुकुल , स्मरण , लावण्य

प्रश्न 4. दिए गए शब्दों के दो -दो पर्यायवाची लिखिए -((1.5)

इच्छा , अमृत , भाई

प्रश्न 5 रेखांकित शब्दों के उपयुक्त विलोम शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए- (2)

क) मीरा को दिया गया विष भी------------ में बदल गया ।

ख) सज्जन का साथ हमारे लिए लाभकारी है -------- का नहीं ।

ग) कर्मों से दुर्भाग्य भी ________ में बदल सकता है।

घ) आलस्य के कारण उसकी ________ अवनति में बदल गई।

प्रशन 6 निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए तथा उसके भेद का नाम लिखिए - (3)

१) नव +आचार

२) नौ + इक

३) अनु + अय

प्रश्न 7 निम्नशब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिए - (2)

(१) पराक्रम

(२) क्षितिज

प्रश्न 8 निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए- (1.5)

प्रभात , तिमिर, तरु

प्रश्न 9 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (5.5)

क)गुण संधि की परिभाषा दीजिए?

ख) ------ स्वर को संधि स्वर भी कहा जाता है ।

ग) अंतःस्थ व्यंजन ------,------,------,------ हैं।

घ) आँशीरवाद , उज्वल शब्द को शुद्ध (सही) कीजिए ।

ङ)मानक भाषा का अर्थ है--------- ।

च) देवनागरी लिपि का विकास ------लिपि से हुआ है ।

प्रश्न 10 चित्र को देखकर अनुच्छेद लिखिए- (3)